प्राथमिकता / समयबद्ध

संख्या- 14/141/26-2-2014

प्रेषक,

सुनील कुमार,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- जिलाधिकारी,
आगरा, सम्भल, सहारनपुर, लखनऊ, मेरठ, कानपुर नगर, बाराबंकी, अम्बेडकर नगर, फतेहपुर, मऊ, बुलन्द शहर, बलिया, बिजनौर, अलीगढ़, आजमगढ़।

2- मण्डलायुक्त
आगरा, मुरादाबाद, फैजाबाद,
इलाहाबाद, आजमगढ़, अलीगढ़, मेरठ, सहारनपुर, लखनऊ, कानपुर।

समाज कल्याण अनुभाग-2 लखनऊ:दिनांक 17 जनवरी, 2014

विषय:- रानी लक्ष्मीबाई पेंशन योजनान्तर्गत धनराशि पेंशनरों के खातों में भेजने के सम्बन्ध में प्रगति विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त संदर्भ में विदित होगा कि समस्त प्रकार की पेंशन योजना का कार्य शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है तथा विकास एजेण्डा में भी निर्धारित है। उक्त योजना के अनुश्रवण का कार्य नियमित रूप से उच्च स्तर पर सम्पादित किया जाता है।

2. रानी लक्ष्मीबाई पेंशन योजनान्तर्गत कोषवाणी से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर समीक्षा करने पर यह पाया गया कि कतिपय जनपदों को उपलब्ध कराई गई प्रथम किस्त की धनराशि के सापेक्ष वितरण की स्थिति संतोषजनक नहीं है। न्यूनतम प्रगति वाले 10 जनपदों का विवरण निम्नवत् है:-

क्रमांक	जनपद	पेंशनरों के खातें में प्रेषित धनराशि की स्थिति (प्रतिशत में)
1.	सम्भल	0.00 प्रतिशत
2.	बाराबंकी	24.42 प्रतिशत
3.	सहारनपुर	51.44 प्रतिशत
4.	फतेहपुर	51.75 प्रतिशत
5.	लखनऊ	53.28 प्रतिशत
6.	मेरठ	61.10 प्रतिशत
7.	कानपुर नगर	61.24 प्रतिशत
8.	अम्बेडकर नगर	62.49 प्रतिशत
9.	मऊ	64.06 प्रतिशत
10.	बुलन्द शहर	70.52 प्रतिशत

http://shasanadesh.up.nic.in

3. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने में लगभग 02 माह का समय शेष रह गया है, ऐसी स्थिति में उपरोक्त जनपदों में प्रथम किस्त की धनराशि का शत-प्रतिशत वितरण अभी तक न किया जाना अत्यन्त असंतोषजनक है। अत: उक्त स्थिति के दृष्टिगत कृपया अपने स्तर से उपरोक्त जनपदों में इस योजना की समीक्षा करते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करे कि वे अपने जनपद में रानी लक्ष्मीबाई पेंशन योजनान्तर्गत उपलब्ध कराई गई धनराशि के सापेक्ष शत-प्रतिशत धनराशि पेंशनरों के खातों में दिनांक 31.01.2014 तक स्थानान्तरित करने का कष्ट करें।

4. इसके अतिरिक्त प्रश्नगत रानी लक्ष्मीबाई पेंशन योजना की द्वितीय किस्त की भी धनराशि समस्त जनपदों को उपलब्ध कराई जा चुकी है। उक्त उपलब्ध कराई धनराशि के सापेक्ष वितरण की स्थिति संतोषजनक नहीं है। न्यूनतम प्रगति वाले 10 जनपदों का विवरण निम्नवत् है:-

क्रमांक	**जनपद**	**पेंशनरों के खातें में प्रेषित धनराशि की स्थिति (प्रतिशत में)**
1.	आगरा	5.71 प्रतिशत
2.	सम्भल	8.46 प्रतिशत
3.	बाराबंकी	12.21 प्रतिशत
4.	अम्बेडकर नगर	31.58 प्रतिशत
5.	फतेहपुर	33.29 प्रतिशत
6.	बलिया	33.73 प्रतिशत
7.	बिजनौर	38.69 प्रतिशत
8.	अलीगढ़	38.91 प्रतिशत
9.	आजमगढ़	38.98 प्रतिशत
10.	मऊ	40.69 प्रतिशत

5. अत: अनुरोध है कि कृपया अपने स्तर से सतत् अनुश्रवण करते हुये रानी लक्ष्मीबाई पेंशन योजनान्तर्गत पेंशनरों के खातों में प्रथम एवं द्वितीय किस्त की शत-प्रतिशत धनराशि का भुगतान पेंशनरों के खातें में दिनांक 31.01.2014 तक कराना सुनिश्चत करे तथा कृत कार्यवाही/प्रगति से शासन को भी प्राथमिकता पर अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक:- यथोक्त

भवदीय,

सुनील कुमार
प्रमुख सचिव।

पृ0सं0- 141(1)/26-2-2014

प्रतिलिपि निदेशक, समाज कल्याण को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अपने स्तर से उपरोक्त जनपदों के जिला समाज कल्याण अधिकारियों को निर्देशित करे कि वे अपने जनपद में निर्धारित समयान्तर्गत प्रथम एवं द्वितीय किस्त की पेंशन की धनराशि का शत-प्रतिशत भुगतान लाभार्थियों के खाते में किया जाना सुनिश्चित करे तथा इस कार्य का सतत् अनुश्रवण

http://shasandesh.up.nic.in

करते हुये प्रगति रिपोर्ट शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में यदि किसी जनपद में उक्त निर्धारित तिथि तक पेंशन की धनराशि का लाभार्थियों के खाते में शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित नहीं किया जाता है, तो ऐसी स्थिति में उक्त जनपदों के जिला समाज कल्याण अधिकारियों के विरूद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही हेतु प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक:- यथोक्त

आज्ञा से,

सुनील कुमार
प्रमुख सचिव।

http://shasandesh.up.nic.in